बिहार–सरकार

समाहरणालय, सीवान
सीवान–841226
(जिला प्रोग्राम शाखा, आई०सी०डी०एस०)

ई–मेल– siwandpo@gmail.com
मो0–9431005032

पत्रांक :–1039/प्रो0, दिनांक 13/6/2022

प्रेषक,

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,
सिवान।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– **सिसवन प्रखंड अन्तर्गत नया गांव पंचायत के वार्ड नं0–07 में सेविका चयन हेतु दो प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में अति अल्पकालीन विज्ञापन प्रकाशन कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सूचित करते हुए कहना है कि सिसवन प्रखंड अन्तर्गत नया गांव पंचायत के वार्ड नं0–07 में सेविका चयन हेतु दो प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन कराने हेतु विज्ञापन का प्रारूप तैयार कर एवं पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है।

अतः अनुरोध है कि दो प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में उक्त के आलोक में अति अल्पकालीन विज्ञापन प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

अनु0 :– यथोक्त।
CD सहित

विश्वासभाजन

13.6.22

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,
सिवान।

Scanned with CamScanner

ऑगनवाडी सेविका/सहायिका चयन हेतु विज्ञापन

विज्ञापन संख्या–01/2022

वाद सं0–31/18–19 में पारित आदेश एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिसवन के पत्रांक 129 दिनांक 07.06.22 के आलोक में सिसवन प्रखंड के पंचायत राज नया गांव के वार्ड सं0–07 में सेविका चयन हेतु पोषक क्षेत्र (संबंधित पंचायत के वार्ड क्षेत्र) के स्थाई महिला निवासी (बहु) से विहित प्रपत्र में आवेंदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदिका अपना आवेदन विहित प्रपत्र में भर कर निर्धारित तिथि के अन्दर संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में जमा कर सकती है। चयन से संबंधित विशेष जानकारी सेविका चयन की अर्हता आदि के संबंध में विशेष जानकारी बाल विकास परियोजना कार्यालय, सिसवन से प्राप्त की जा सकती है। विज्ञापन का प्रकाशन सेविका/सहायिका चयन मार्गदर्शिका 2019 में वर्णित प्रावधानों के आलोक में किया जा रहा है जिसका प्रारूप निम्नवत है :–

क्र	विवरण	तिथि	अभ्युक्ति
1	आवेदन प्राप्त करने की तिथि	22.06.2022 से 06.07.2022 तक	
2	मेधा सूची प्रकाशन की तिथि	09.07.2022	तैयार मेधा सूची का प्रकाशन जिला के बेवसाईट/बा0वि0परि0कार्या0/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर एक सप्ताह के लिए किया जायेगा।
3	आम सभा की तिथि	16.07.2022 से 21.07.2022 तक	

अर्हताऍ:–

- **सेविका के लिए उम्र**:– ऑगनवाडी सेविका के चयन हेतु रिक्ति के प्रकाशन तिथि को उनकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 40 वर्ष होगी।
- **शैक्षणिक योग्यता:– (क) ऑगनवाडी सेविका चयन हेतु शैक्षणिक योग्यता**–मैट्रिक एवं समकक्ष (अतिरिक्त विषयों को छोडकर) (जिसे मानव संसाधन विभाग, बिहार पटना द्वारा पंचायत शिक्षक नियोजन हेतु मान्यता दी गई है।) उत्तीर्ण होगी। अधिक योग्यता के लिए कोई प्राथमिकता नही दी जायेगी।
- **निवासी होने की योग्यता:–** ऑगनवाडी सेविका के अभ्यर्थी के मैपिग पंजी के अनुरुप संबंधित वार्ड (ग्रामीण क्षेत्र) पोषक क्षेत्र (शहरी क्षेत्र) का निवासी एवं मतदाता होना अनिवार्य होगा अथवा आवेदिका के पति/श्वसूर का नाम संबंधित वार्ड के मतदाता सूचि में अंकित होना अनिवार्य होगा। यदि आवेदिका का घर भौतिक रुप से रिक्ति वाले वार्ड ग्रामीण क्षेत्र, पोषक क्षेत्र (शहरी क्षेत्र) मे है, और वह वहॉ रह रही है। लेकिन उनका नाम अंतिम पंचायत चुनाव/अंतिम नगर निकाय चुनाव मतदाता सूची में यदि किसी कारण छुट गया है तो उनका या उनके पति या श्वसूर का नाम अंतिम पंचायत चुनाव/अंतिम नगर निकाय चुनाव के ठीक पूर्ववर्ती पंचायत चुनाव/पूर्ववर्ती नगर निकाय चुनाव की अंतिम मतदाता सूची में आवश्यक अंकित होना चाहिए।
- **अयोग्यता:–** आवेदिका जिनकी मासिक आय 12000/–(बारह हजार रुपये) या उससे ज्यादा है/जन प्रतिनिधि/संबंधित प्रखड के जन वितरण प्रणाली के विक्रेता चयन के लिए अयोग्य होगी। यदि किसी अभ्यर्थी को किसी न्यायालय से दण्डित किया गया हो तो उसे भी ऑगनवाडी सेविका/सहायिका के पद के लिए चयनित नही किया जायेगा।
- **आवेदन के साथ संलग्न सभी वांछित कागजात (Document) यथा**:–सेविका के लिए मैट्रिक उर्तीण का अंक पत्र एवं विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र तथा, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय (6माह) प्रमाण पत्र, आदि की छायाप्रति को स्वअभिप्रमाणित कर आवश्यक रुप से संलग्न करना अनिवार्य है।
- माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश का पालन करना बाध्यकारी होगा एवं किसी भी समय इस विज्ञापन को रद्द/संशोधन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
- सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया विभागीय मार्गदर्शिका 2019 एवं उसमें किये गये संशोधित के अनुसार पूरी की जायेगी।

13.6.22

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,
सीवान।

Mon/6/13/2022 2:55:25 PM/F/2022 Dpo Adesh2022 Umesh

Scanned with CamScanner